साहित्य अकादेमी

रिपोर्ट : राजभाषा सप्ताह (14 -21 सितंबर 2017)

साहित्य अकादेमी के पश्चिम क्षेत्रीय कार्यालय, मुंबई में राजभाषा सप्ताह के अवसर पर 18 सितंबर 2017 को हिंदी दिवस मनाया गया। इस सप्ताह के अंतर्गत कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में कार्यालय के अधिकतम अधिकारी/कर्मचारियों ने भाग लिया।

हिंदी दिवस के दिन विशेष अतिथि के रूप में गृह मंत्रालय के हिंदी शिक्षण योजना के उपनिदेशक, श्री वीरभद्र सोनी को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने प्रतियोगिताओं के परिणाम निश्चित किए। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यालय के श्री रत्नाकर पाटिल ने, बिक्री-प्रदर्शनी सहायक, अधिकारी/ कर्मचारियों का तथा अतिथि का स्वागत परिचय देकर किया। इसके बाद अतिथि द्वारा अधिकारी/कर्मचारियों को हिंदी संबंधित कार्यालयीन कामकाज के संदर्भ में वर्णित किया गया, जिसमें उन्होंने गृह मंत्रालय के 'शिक्षण योजना' के तहत कर्मचारियों के लिए हिंदी पाठ्यक्रम दैनिक कार्य में हिंदी का प्रयोग और सामाजिक जीवन में हिंदी एवं मातृभाषा का महत्व के संदर्भ में जानकारी दी और उन्होंने सभी अधिकारी / कर्मचारियों से अनुरोध किया कि वह कार्यालयीन कामकाज में हिंदी का अधिक से अधिक उपयोग करें।

अंत में श्री रत्नाकर पाटिल द्वारा अतिथि को धन्यवाद प्रकट करके प्रतियोगिताओं के परिणामों की घोषणा की गई और श्री रत्नाकर पाटिल ने कार्यक्रम के अतिथि एवं क्षेत्रीय कार्यालय के उपस्थित अधिकारी/ कर्मचारियों के प्रति औपचारिक धन्यवाद देकर कार्यक्रम की समाप्ती की।